कार्यालय पुलिस नियंत्रण कक्ष आयुक्तालय जोधपुर

प्रेस–नोट
(दिनांक 13.03.2024)
आयुक्तालय जोधपुर

आगामी लोकसभा चुनाव को मध्य नजर रखते हुए श्री राजेंद्र सिंह पुलिस आयुक्त महोदय जोधपुर के दिशानिर्देशानुसार दिनांक 12.03.2024 को वक्त 09.00 पीएम से 11.00 पीएम तक पुलिस आयुक्तालय जोधपुर क्षेत्र में शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध 185 एमवी एक्ट के तहत् कार्यवाही करने हेतु सघन वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया ।

आयुक्तालय क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जिला पूर्व व पश्चिम तथा समस्त पुलिस थाना वृताधिकारीगण के सुपरविजन में मोनिटरिंग कर समस्त थानाधिकारी को अपने–अपने थाना क्षेत्रों में पॉइंट चिन्हित कर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध 185 एमवी एक्ट में कार्यवाही करने को निर्देश दिए गए ।

पुलिस आयुक्तालय जोधपुर क्षेत्र में उक्त अभियान के दौरान 67 वाहन चालकों के विरुद्ध 185 एमवी एक्ट के तहत् चालान की कार्यवाही की गई ।

शराब पीकर वाहन चलाना यातायात नियमों का उल्लंघन है । शराब पीकर वाहन न चलाए तथा स्वयं के जीवन के साथ–साथ दूसरों के जीवन को खतरे में न डालें। इस प्रकार का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

प्रभारी
पुलिस नियंत्रण कक्ष,
आयुक्तालय जोधपुर।